# महाश्वेता देवी को सावित्रीबाई फुले छात्रावास में दी गयी श्रद्धांजलि

प्रख्यात लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता महाश्वेता देवी को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के सावित्रीबाई महिला छात्रावास के प्रांगण में शनिवार को वार्डेन और समस्त छात्राओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छात्रावास की वार्डेन डॉ. अवंतिका शुक्ल ने उनके साहित्यिक, सामाजिक कार्यों के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया और कहा कि वो हमेशा ही हमारे जेहन में जिन्दा रहेंगी. उनकी रचनाएं हमें प्रेरणा देती रहेंगी. उन्होंने यह भी बताया कि सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास का उदघाटन भी रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित रहीं महाश्वेता देवी ने ही २००८ में किया था. गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया था. उन्होंने यह भी कहा कि उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तो यही होगी कि आप सब महाश्वेता की तरह मजबूत और विद्वान बने और उनकी ही तरह समाज के वंचित तबकों के लिए हमेशा खड़े हों. इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर वार्डेन डॉ अवंतिका शुक्ल, सहायिका संचिता, केयर टेकर शांताताई, समेत बड़ी संख्या में छात्राओं अनुपमा कुमारी, सुनीता थापा, मेघा, कंचन, चंचल, मधुमिता, प्रियंका शर्मा, रजनी झा आदि ने महाश्बेता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की.







30/07/2016


30/07/2016